# गेबरधन प्लांट हेतु ऑपरेशन मेन्टेनेन्श की व्यवस्था

जनपद की ग्राम पंचायत इटर्रा मे 45 क्यूबिक मीटर की क्षमता का बायोगैस प्लांट का निर्माण किया गया है, जिसमें 25 घरों को पाइप के माध्यम से गैस उपलब्ध कराते हुये खाना बानाये जाने आदि में गैस का प्रयाग किया जा रहा है। प्लांट के संचालन में नजदीकी गोशाला में नामित केयर टेकर को देख–रेख हेतु पंचायत द्वारा नामित किया गया है। संचालन हेतु प्रति घर 100 रू0 का शुल्क निर्धारित किया गया है, जिसे गैस के एवेज में प्राप्त किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। सामान्य टूट फूट को ग्राम पंचायत के वित्त आयोग की धनराशि से ठीक कराया जा रहा है एवं गोबर की उपलबधता नजदीकी गौशाला एवं ग्रामीणो से की जाती है।